मोबाइल एप से होगी धान खरीदी की निगरानी

कोरबा। धान खरीदी में इस बार नोडल अधिकारी समितियों के निरीक्षण किए बगैर कोई जानकारी नहीं दे सकेंगे। पारदर्शिता लाने एवं निगरानी के लिए इस बार धान खरीदी में मोबाइल एप का सहारा लिया जाएगा। इसमें संबंधित नोडल अफसर को समिति में जाकर निरीक्षण करने के बाद स्पाट से ही एप्प में चाही गई जानकारी अपलोड करनी होगी। इस एप से धान की पूरी निगरानी की जाएगी। सेवा सहकारी समितियों में की जाने वाली धान खरीदी के लिए हर बार नोडल अफसर बनाए जाते हैं। प्रशासन द्वारा इन नोडल अफसरों के माध्यम से समिति की निगरानी कराई जाती थी लेकिन इसके बाद भी कई समितियों में धान का शार्टेज बोगस खरीदी एवं अमानक धान खपाए जाने की शिकायतें आती थी। इसलिए शासन ने इस बार नोडल अफसरों से हाईटेक तरीके से मानिटरिंग कराने का फैसला लिया है। खरीफ वर्ष 2018 में धान खरीदी के लिए जो नोडल अफसर होंगे। उनकों मोबाइल एप से समितियों की निगरानी करनी होगी। इस एंड्राएट एप को चिप्स एवं एनआईसी के अफसरों ने कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि नोडल अफसर समिति में जाकर लोकेशन ऑन करेंगे तभी वह ओपन हो सकेगा। एप के ओपन होने के बाद नोडल अफसर इसमें एंट्री करेंगे। समिति में निरीक्षण के बाद किसानों की संख्याए भंडारित धान की मात्रा तथा बारदाने का स्टाक कितना शेष है। इन चीजों की जानकारी अफसर अपने मोबाइल से इस एप में अपलोड करेंगे। जिसके बाद पूरा रिकार्ड खुद से सेंट्रल सर्वर में चला जाएगा और उसके बाद मार्कफेड की वेबसाइट में तकनीकी अधिकारी इसे अपलोड कर देंगे। नोडल अफसरों को पहले इस मोबाइल एप की ट्रेनिंग दी जाएगी। इनको एक आईडी पासवर्ड भी दिया जाएगा। लोकेशन ऑन करने से ही एप्प काम करेगा। इसलिए इसमें नोडल अफसर जिस दिन जाकर समिति का निरीक्षण करेंगेए उसकी तारीख वार से लेकर समय एवं अफसर द्वारा एंट्री की गई सारी जानकारी भी ऑनलाइन ट्रेस होती रहेगी। दूरस्थ एवं वनांचल इलाके में इंटरनेट कनेक्टिविटी एक समस्या है। इसलिए ऐसे समितियों की परेशानी के लिए इस मोबाइल एप्प को कुछ इस तरह से बनाया गया है। जिससे वह बिना इंटरनेट के भी काम कर सके। एप में आफलाइन मोड में भी काम करने का विकल्प है। इसलिए समिति में निरीक्षण के सारे रिकार्ड बाद में भी अपलोड हो जाएंगे। प्रशासन द्वारा बनाए गए नोडल अफसर कई बार अपने मूल विभाग एवं रोजाना के काम में व्यस्त रहने के कारण समितियों तक जाते ही नहीं थे और अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी या सीधे समिति के किसी पदाधिकारी से ही फोन पर रिपोर्ट लेकर काम टरका देते थेए लेकिन अब नोडल अफसरों को फिल्ड पर जाकर ही अपनी रिपोर्ट बनानी होगी।

नोडल अधिकारी को उपार्जन केंद्र में जाकर जानकारी करनी होगी अपलोड

चुनाव लड़ने समर्थकों से इकट्ठा किया चंदा

सिक्कों से भरी थैली लेकर नामांकन फार्म खरीदने पहुंचा प्रत्याशी

जगदलपुर। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के 18 सीटों पर चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी होते ही बस्तर में नामांकन फॉर्म लेने का सिलसिला जारी है। एक के बाद एक प्रत्याशी नामांकन फार्म खरीद रहे हैण् इसी बीच एक अनोखा नजारा देखने को मिला आप सोच रहे होंगे कि इसमें क्या अनोखा नजारा दिख गया दरअसल समाजवादी पार्टी की तरफसे एक गरीब प्रत्याशी ने नामांकन फार्म खरीदने के लिए सिक्कों से भरा थैला लेकर पहुंचा। सिक्कों से भरा थैला देखकर निर्वाचन अधिकारी भी हैरान हो गए।

सिक्के गिनने में अधिकारियों के छूटे पसीने

समाजवादी पार्टी से सामान्य सीट के लिए नामांकन भर रहे नंदकुमार गुप्ता को नामांकन पत्र खरीदने के लिए 10 हजार रुपए की जरुरत थी उनके पास उनता पैसा नहीं था कि वो नामांकन फार्म खरीद सके इधर-उधर खूब हाथ-पैर मारा अपने समर्थकों से चंदा इकठ्ठा किया चंदे के तौर पर उन्हें 4 हजार रुपए के सिक्के और 6 हजार रुपए के नोट मिलेण् इन्हीं पैसों को लेकर नंदकुमार गुप्ता जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। सिक्कों के अलग.अलग थैली देखकर अधिकारी दंग रह गए फिर भी वो फार्म खरीदने के लिए पैसे दिए । अधिकारियों को सिक्के गिनने में कई

घंटों का वक्त लग गया। उनके पसीने छूटने लग गए सिक्के गिनते गिनते नामांकन का समय भी बीत गया।

4 उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

इस दौरान जगदलपुर विधानसभा के सामान्य सीट से 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा बाद नामांकन फॉर्म लेने के लिए काफी खींचतान भी चलता रहा। निर्वाचन कार्यालय में भीड़ भी लग गया इनके द्वारा सिक्के लेकर पहुंचने पर लोगों का तांता लग गया सभी यह जानने में लग गए कि आखिरकार ये शख्स कौन है जो सिक्कों से भरे थैली लेकर नामांकन फार्म खरीदने पहुंचा है?

इस बारे में जब प्रत्याशी नंदकुमार गुप्ता ने पूछा गया कि आपको सिक्कों से भरे थैली लेकर नामांकन फार्म खरीदने की जरुरत क्यों पड़ी जिस पर उन्होंने कहा कि मेरे पास नामांकन फार्म भरने तक के लिए पैसे नहीं थे मैं अपने समर्थकों से चंदा इकठ्ठा कर फार्म खरीदने के लिए उसकी फीस देने आया हूं जिससे नामांकन फार्म खरीदकर चुनाव लड़ा जा सके।

छबिंद्र कर्मा ने खरीदा नामांकन फार्म मनाने पहुंचे भूपेश बघेल और लखमा

दंतेवाड़ा। छबिंद्र कर्मा ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आज नामांकन फॉर्म खरीद लिया हैए वहीं दूसरी ओर उसकी मां देवती कर्मा ने भी आज नामांकन फॉर्म खरीद लिया है कांग्रेस पार्टी कर्मा परिवार को मनाने में जुट गए हैं इसी सिलसिले में पीसीसी चीफ भूपेश बघेल भी दंतेवाड़ा पहुंच गए हैं साथ में कोंटा विधायक कवासी लखमी भी मनाने पहुंचे हैं। आपको बता दें कि छबिंद्र कर्मा पिछले दिनों निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया थाए जबकि कांग्रेस पार्टी के आलाकमान ने पहले से ही सीटिंग एमएलए देवती महेंद्र कर्मा को दंतेवाड़ा विधानसभा से टिकट देने का ऐलान कर दिया है घर में हुई इस बगावत से कांग्रेस को दंतेवाड़ा से आने वाले चुनाव में तगड़ा नुकसान उठाने की आशंका नजर आ रही हैए बुधवार को दोपहर 2.30 बजे छबिंद्र कर्मा दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदाण् अब लगभग यह तय हो गई कि छबिंद्र कर्मा दंतेवाड़ा विधानसभा के चुनाव को एक रोचक मुकाबले में बदलने वाले हैं क्योंकि उनके सामने उनकी मां देवती महेंद्र कर्मा इस चुनाव में प्रतिद्वंदी बनने वाली हैं। देवती कर्मा भी नामांकन पत्र खरीदकर बेटे छबिंद्र को संदेश दिया है कि वे भी अब पीछे हटने वाली नहीं है। दंतेवाड़ा में अभी देवती कर्मा और जिला कांग्रेस रूठे बेटे को मनाने में लग गए हैं। जिले में इस घटनाक्रम को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस काफी चिंतित है पार्टी इस मौके पर किसी भी तरह का नुकसान उठाना नहीं चाहताण् इसी के मद्देनजर छबिंद्र कर्मा को मनाने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल और कोंटा विधायक एवं नेता उप प्रतिपक्ष कवासी लखमा दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। अभी जिले में इस राजनीति घटनाक्रम को लेकर खूब चर्चा हो रही है।

जिले में चुनाव आयोग का पहला डंडा भाजपा पर

जनधारा समाचार
गरियाबंद। आचार संहिता लगते ही चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों पर डंडा चलाना शुरु कर दिया है। जिले में आयोग का पहला डंडा भारतीय जनता पार्टी पर चला है। आयोग के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा भाजपा नेता रुपसिंह के जन्मदिन पर प्रकाशित विज्ञापन पर अपनी नजर गाड़ी है। व्यय अनुवीक्षण सेल ने विज्ञापन के खर्च के भाजपा के खाते में जोड़ने का प्रस्ताव बनाया है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने भी सख्ती बरतना शुरु कर दिया है। राजनीतिक दालों पर आयोग की कड़ी नजर है। समाचार से लेकर विज्ञापनों तक में आयोग की नजर है। इसके तहत मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति द्वारा रोजाना समाचार पत्रों को खंगाला जा रहा है। जिन समाचार पत्रों में राजनीतिक व्यक्तियों की विज्ञापन प्रकाशित की जा रही है। उन्हें पार्टी खाते में जोड़ने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसी जद में भाजपा भी आया है। दरअसल 12 अक्टूबर को भाजपा युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रुपसिंह साहू था। उनके जन्मदिन पर विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। आयोग ने विज्ञापनों को गंभीरता से लेते हुए उनके खर्च को पार्टी खाते में जोड़ा है। विभिन्न समाचार पत्रों में तीन लाख 89 हजार 964 रुपए का विज्ञापन दिया गया था। दूसरे दिन एक समाचार पत्र में रुपसिंग का 1712 रुपए का विज्ञापन प्रकाशित हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित एमसीएमसी ने इन विज्ञापनों को भाजपा के चुनाव खर्च में जोड़ने का प्रस्ताव बनाया है।

भाजपा नेता ने मनाया बर्थडि पार्टी खाते में जुड़ेगा करीब चार लाख

28 लाख खर्च कर सकते प्रत्याशी

आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कोई भी प्रत्याशी विधानसभा चुनाव में अधिकतम 28 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। इससे ज्यादा खर्च करने पर संबंधित प्रत्याशी पर कार्रवाई का प्रवाधान हैं। इसी तरह पार्टियों के लिए भी खर्च सीमा तय हैं। जितने प्रत्याशी उतारते हैए उस हिसाब से पार्टी चुनाव में खर्च कर सकती है।

टिकट मिला तो रुपसिंग के खर्च

जानकारों का कहना है कि अगर रुपसिंग साहू को भाजपा अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करती है तो विज्ञापन का खर्च रुपसिंग के खाते में जुड़ेगा। ऐसा नहीं होने पर विज्ञापनों का खर्च भाजपा के खाते में जुड़ेगा। इस संबंध रुप सिंह साहू का कहना है कि मेरे जन्मदिन पर ग्रामीणों ने स्वेच्छा से विज्ञापन प्रकाशित करवाया था। इसमें किसी तरह से सरकारी धन का उपयोग नहीं किया गया है।

देवी दर्शन कर लौट रहे जीजा साली की सड़क हादसे में मौत

बिलासपुर। रतनपुर से देवी दर्शन कर लौट रहे जीजा-साली को आज तड़के 5 बजे रायपुर से आ रहे ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुये ठोकर मार दी। जिससे दोनों घायलों की मौत हो गई। चकरभाठा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

सिम्स चौकी से मिली जानकारी अनुसार चंद्राकर यादव पिता रतीराम यादव 29 वर्ष, फुलकुमारी पिता रतीराम 17 वर्ष पोड़ी चकरभाठा निवासी है। जिनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गइ है। सिम्स चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये मरच्यूरी भेज दिया है जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा। इस घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कल चंद्राकर यादव व उसकी साली फुलकुमारी देवी दर्शन के लिये बाइक से रतनपुर गये थे। जो कि दर्शन के बाद वापस अपने गांव आ रहे थे। तभी सुबह 5 बजे रायपुर की ओर से आ रही सीजी 10 एबी 0215 ट्रक के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये बाइक सवार जीजा-साली को ठोकर मार दी। इससे मौके पर ही फुलकुमारी की मौत हो गई। वही घायल चंद्राकर को गंभीर हालत में सिम्स लाया गया। जहां 2 घंटे के उपचार के बाद उसने भी दम तोड़ दिया। चकरभाठा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वही आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

ट्रक ने मारी ठोकर

संयंत्र हादसा : डीएनए टेस्ट के बाद परिजनों को सौंपा गया शव

जनधारा समाचार
भिलाई। बीएसपी में कोक ओवन बैटरी नंबर 11 के पीछे गैस पाइप लाइन विस्फोट से मरने वालों का डीएनए टेस्ट रिपोर्ट बुधवार को आ गया है। रिपोर्ट आने के बाद संयंत्र प्रबंधन ने शवों को उनके परिजनों को सौंपना शुरू कर दिया गया। बुधवार को सुबह बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल के मरच्यूरी के पास अपनों का शव लेने बड़ी संख्या में उनके परिजन व अन्य उपस्थित रहे। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार शवों को उनके परिजनों को सौंपा गया। हादसे के लगभग एक सप्ताह बाद परिजनों को उनके अपनों का अंतिम संस्कार का मौका मिला।

बता दें कि 9 अक्टूबर को भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन हादसे में कुल 14 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं घायल 9 कार्मिकों का उपचार सेक्टर 9 अस्पताल में चल रहा है। इनमें से पहले दिन जान गवांने वाले 9 लोगों की शवों की पहचान मुश्किल हो गई थी। शव पूरी

तरह जल चुके होने के कारण इनके बदलने की संभावना बढ़ गई थी। इसे देखते हुए बीएसपी प्रबंधन जिला प्रशासन व पुलिस ने डीएनए टेस्ट करोन का निर्णय लिया था। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट बुधवार सुबह पहुंची और उसके आधार पर शवों की पहचान किया गया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद एक एक कर अपनों के शवों को लेने उनके परिजन पहुंचने लगे।

इस दौरान मरच्यूरी के पास काफी भीड़ रही। हादसे के दिन 9 कार्मिकों के शव कोयला जैसे हो गए थे। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने तक शवों को डीकंपोज होने से बचाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने विशेष उपाय किए। शव की इंबाल्मिंग कराई गई थी।

इस प्रक्रिया में शव खराब न हो इसके लिए विशेष लेप बॉडी पर लगाकर फ्रीजर में रखा गया था। इस वजह से अब तक शवों को सुरक्षित रखा गया। परिजनों को शव सौंपे जाने के बाद इनकी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई।

मालगाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त, पटरी से उतरे पहिये

रायपुर। राजधानी रायपुर में एक बड़ी रेल दुर्घटना होते-होते उस वक्त बच गई जब मालगाड़ी के पहिये पटरी से उतर गएघटना की जानकारी लगते ही आनन-फानन में रेल अधिकारी मौके पर पहुंच गए।दुर्घटना को लेकर जांच के आदेश दे दिये गए हैं। घटना आज दोपहर की बताई जा रही है रायपुर के आरएसडी यार्ड में मालगाड़ी की बोगी पटरी से उतर गईण् मामले में डीआरएम कौशल किशोर ने बताया कि मालगाड़ी के एक डिब्बे के चार पहिये पटरी से नीचे उतरे थे। जिसे वापस पटरी पर चढ़ा दिया गया है उन्होंने बताया कि जिस दौरान हादसा हुआ उस वक्त वैगन में माल लोड किया जा रहा था। उन्होंने आशंका जताई है कि माल एक तरफ ज्यादा लोड होने की वजह से ही हादसा हुआ होगा। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद उसकी जांच के आदेश दे दिये गए हैं।

बिजली कंपनी के मीटर खरीदी में घोटाले की आप ने की शिकायत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता के दौरान अपने लोगों को लाभ पहुँचाने की नियत से छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मीटर खरीदी में घोटाला करने का मामला लेकर शिकायत करने आम आदमी पार्टी के नेता आज चुनाव आयोग पहुँचे पार्टी के मीडिया समन्वयक उचित शर्मा के नेतृत्व में आयोग पहुँचे नेताओं ने शिकायत में कहा है कि राज्य में 6 अक्तूबर को चुनाव आचार संहिता लग गई है और उसी दिन जनसंपर्क विभाग ने अपने पत्र क्रमांक 23321 के माध्यम से सभी विज्ञापनों पर रोक लगाते हुए पूर्व में जारी समस्त आर ओ निरस्त किए गये हैं द्य आवेदन में यह भी बताया गया है कि 48 करोड़ से अधिक के मीटर खरीदी के लिए चुनाव आयोग की अनुमति के बगैर 7 अक्टूबर को अख़बार में निविदा जारी कर आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया गया है द्य आम आदमी पार्टी ने माँग की है कि पूरे मामले की जाँच कर उक्त निविदा को तत्काल निरस्त किया जाए द्य आयोग में शिकायत करने पहुँचे प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के चुनाव सह प्रबंधक सुरेश कठैत, रायपुर दक्षिण प्रत्याशी मुन्ना बिसेन एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

आचार संहिता में खरीदी कर 48 करोड़ के घोटाले की कोशिश

माता के पंडाल को दिया गया शिवलिंग का रूप

किरंदुल। किरंदुल के ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड़ के मेन रोड़ में दुर्गा पूजा समिति ने पंडाल को शिवलिंग का रूप दिया गया है जो लोगो को आकर्षित कर रहा है। पूजा समिति ने बताया कि इस बार कलकत्ता के कलाकारो द्वारा पंडाल का निर्माण किया गया है। प्रतिदिन विधि.विधान पूर्वक मॉ के सभी स्वरूपो की पूजा की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्वालु यहॉ पहुँचकर माता के दर्शन कर रहे है। इसके अलावा यहॉ शाम को आर्केस्ट्का भी आयोजन किया जा रहा है। पूरा किरंदुल नगर माता के भक्तिमय वातावरण में डूब चुका है।

कलकता के कलाकारों द्वारा किया गया तैयार

लोगों को सामान बांट रहे वाहन चालक को कांग्रेसियों ने किया पुलिस के हवाले

आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन किये जाने का विरोध

बिलासपुर। शहर में आज बृहस्पति बाजार के पास श्रम विभाग के सामानों से भरी माजदा से लोगों के सामान बांटने का मामला सामने आया है। जिससे शहर में सनसनी फैल गई। इसकी भनक कांग्रेसियों को लगी तो कांग्रेसी नेता बृहस्पति बाजार पहुंचकर वस्तुओं से भरी वाहन को सिविल लाइन ले आये। जहां आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन किये जाने का विरोध करते हुये लेबर कमिश्नर व कंपनी तथा ड्राइवरों पर एफआईआर करने की मांग को लेकर अड़े रहे। आज सुबह लगभग 11.30 बजे बृहस्पति बाजार के बगल में स्थित श्रमिक शेड के स्थल पर एक स्वराज माजदा सीजी 10- 8449 उस पर हजारों की संख्या में श्रमिक किट लोड था। यह गाड़ी श्रमिक शेड में खड़ी थी।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण पार्षद अखिलेश चंद्रप्रदीप बाजपेयी ने ड्राइवर महेश्वर केंवट और ठेका लेने वाले ठेकेदार के घरेलू ड्राइवर जितेंद्र टोंडे से पूछा तो उन्होंने बताया कि यह सामग्री एडिशनल लेबर कमिश्नर पी.एस. एलमा के निर्देश पर बिलासपुर बंगले में यह सामग्री छोड़ने कहा गया था। इस गाड़ी के पकड़े जाने के बाद तीन गाड़ियां वापस चली गई। पकड़े गये वाहन में गम बूट, हेलमेट, जैकेट, मास्क 02 नग एवं थैला मिला है। जिस पर छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग का मोनो अंकित है। इस मामले को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने एसडीएम को सूचना दी। जिसके बाद सिविल लाइन टीआई को जानकारी दी। जिसके बाद माजदा वाहन व दो ड्राइवर को थाने लाया गया। जहां कांग्रेसियों ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुये एडिशनल लेबर कमिश्नर, ठेकेदार सप्लायर एवं दोनों ड्राइवरों पर एफआईआर दर्ज कराने व सामग्रियों की जब्ती कराने की मांग को लेकर थाने में मौजूद रहे। सिविल लाइन थाना में कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय, नेता प्रतिपक्ष शेख नजीरुद्दीन पार्षद अखिलेश चंद्रप्रदीप बाजपेयी, ब्लाक अध्यक्ष तैय्यम हुसैन, पंचराम सूर्यवंशी, दीपांशु श्रीवास्तव, रामा बघेल, जावेदन मेमन, आबिद अली, सैय्यद समीर आदि उपस्थित रहे।

अभय नारायण राय ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रही है। और मतदाताओं को सामग्री बांट रही है। आज भी श्रमिक विभाग के सामान पकड़ाये हैं। जिसके ड्राइवर कंपनी का नाम नहीं बता पा रहे हैं।

> श्रम विभाग के सामान गाड़ी में मिले हैं जिसमें विभाग के सभी सामानों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएंगी। प्रथम दृष्टया जांच में यह आचार संहिता का उल्लेख पाया गया है।
>
> **-विजय सिंह कंवर**
> सहायक अनुसंधान अधिकारी,
> उड़नदस्ता प्रभारी

स्कूल में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस

बचेली। पुराना मार्केट नगर पालिका वार्ड 6 स्थित हायर सेकेंडी स्कूल में गत दिवस विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं को स्वच्छ हाथों में है दम का महत्व बताया गया। इस दौरान सभी शिक्षक व छात्र.छात्राओ को हाथ धोने की तरीको के बताते हुए हाथ धुलवाया गया। इस अवसर पर शिक्षको द्वारा बताया गया कि किसी भी वस्तु को छुनेए उसका उपयोग करने एवं कई तरह के दैनिक कार्यो के कारण हमारे हाथो में अनदेखी गंदगी छिपी होती है। यह गंदगी बगैर हाथ धोए खाघ एवं पेय पदार्थो के सेवन से हमारे शरीर में चली जाती है और बीमारियो को जन्म देती है। हाथो की धुलाई के प्रति जागरूकता पैदा करने के मकसद से पूरे विश्व में 15 अक्टूबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया जाता है।

प्रकाशक एवं मुद्रक गणेश प्रसाद मिश्रा द्वारा स्वामी अभिव्यक्ति प्रकाशन प्रा.लि. के लिए मिशन मीडिया प्रा.लि., छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रायपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं एचआईजी 27 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक- विवेक मिश्रा*, आरएनआई रजि. नं.-52143/91, डाक पंजीयन 29/2010-2012, * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।